ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-03-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-03-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-03-24	2021-03-25	2021-03-26	2021-03-27	2021-03-28
वर्षा (मिमी)	1.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	31.0	30.0	30.0	31.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	13.0	12.0	13.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	75	70	65	65
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	30	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	10.0	8.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	330	320	320	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	1	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (16 – 22 मार्च 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 30.5 से 33.6 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 13.0 से 15.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 83 से 91 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 27 से 38 प्रतिशत एवं हवा 1.0 से 3.8 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 30.0 से 33.0 व 12.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| ईआरएफएस के अनुसार 28 मार्च से 3 अप्रैल के दौरान जिले में वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.2-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में वर्षा की सम्भावना नही है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	फसल मे आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। गुल्ली-डण्डा व जंगली जई आदि खरपतवारों को निकालकर नष्ट कर दें।
मसूर की दाल	मसूर की पत्तियॉ पीली पड़ कर झड़ने लगे, उस समय कटाई करें। कटाई सुबह के समय हसिया से करें तथा 6-7 दिन धूप में सुखाकर गहाई एवं ओसाई करें। दोनो को अच्छी तरह सुखाकर भंडारित करें।
बरसीम	अत्यधिक चारा प्राप्त करने हेतु प्रत्येक कटाई के बाद फसल में सिंचाई करें। यदि बीज तैयार करना हो तो फसल की कटाई माह के द्वितीय पखवाड़े से रोक दें।
चारा मक्की	चारे वाली फसलो जैसे-मक्का की बुवाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च की अगेती रोपी गई फसल में सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर ग्रसित पौधो को निकालकर नष्ट करे। तथा रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें।
गोभी	तैयार गोभियों की कटाई करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओं के बैठने का स्थान समतल होता चाहिए जिससे उनकी उत्पादन क्षमता प्रभावित न हो तथा इस समय नवजात पशुओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। गर्भवती पशुओ में प्यूरपरल बुखार को रोकने के लिए, प्रतिदिन 50-60 ग्राम खनिज मिश्रण को पशुओं की प्रतिरक्षा को बढ़ाने हेतु आहार के रूप में दें।